**1. पाठ से**

(क) नरेंद्र के सारे पैसे क्यों खत्म हो गए?

**उत्तर**

नरेंद्र के पैसे चूरन, चुस्की और आइसक्रीम ले लेने में खर्च हो गए।

(ख) अजय ने नरेंद्र को क्या और क्यों समझाया?

**उत्तर**

अजय ने समझाया कि यह लाली पॉप ठीक नहीं है। लाली पॉप बेचनेवाला या तो इसे चुराकर लाया है या खराब माल कहीं से उठा लाया है। तभी इतने सस्ते में बेच रहा है।

(ग) अजय के अन्य दोस्तों ने नरेंद्र के बारे में क्या कहा और क्यों?

**उत्तर**

अजय के अन्य दोस्तों ने अजय से कहा कि नरेंद्र के फेर में न पड़े। वह तो ऐसा ही लड़का है क्योंकि अक्सर वह क्लास से बाहर रहता था। उसे बाहर के खाने-पीने की आदत भी थी।

**2. क्या होता यदि**

(क) अगर नरेंद्र के पास फ़ीस के पैसे न होते?
**उत्तर:** अगर नरेंद्र के पास पैसे नहीं होते तो वह लाली पॉप वाले के पास नहीं जाता।

(ख) अगर नरेंद्र अजय की यह बात मान लेता कि इस आदमी से लाली पॉप लेना बिल्कुल ठीक नहीं?
**उत्तर:** अगर नरेंद्र अजय की बात मान लेता तो वह बदमाश के झांसे आता और उसका अपहरण नहीं होता।

(ग) अगर अजय तीसरे लड़के की यह बात मान लेता कि "अरे तू घर जा नरेंद्र को जानता नहीं?"
**उत्तर:** अगर अजय तीसरे लड़के की बात मान लेता तो नरेंद्र कभी नहीं मिलता क्योंकि बदमाश भाग जाता और पकड़ा भी नहीं जाता।

(घ) अगर नरेंद्र की मुलाकात छुट्टी के बाद अजय से नहीं होती?

**उत्तर:** अगर नरेंद्र की मुलाकात छुट्टी के बाद अजय से नहीं होती तो अजय को मालुम नहीं होता कि नरेंद्र लाली पॉप वाले के पीछे गया है।

**6.** नीचे तालिका दी गई है। पता करो कि खाने की उन चीज़ों में कौन से पोषक तत्व होते हैं। उसे तालिका में लिखो।

| क्रम सं. | खाने की चीज़ों | पोषक तत्व |
|---|---|---|
| **(क)** | पालक | ................ |
| **(ख)** | गाजर | ................ |
| **(ग)** | दूध | ................ |
| **(घ)** | संतरा | ................ |
| **(ङ)** | दालें | ................ |

**उत्तर**

| क्रम सं. | खाने की चीज़ों | पोषक तत्व |
|---|---|---|
| **(क)** | पालक | आयरन |
| **(ख)** | गाजर | आयरन व विटामिन सी |
| **(ग)** | दूध | प्रोटीन व विटामिन सी |
| **(घ)** | संतरा | विटामिन सी |
| **(ङ)** | दालें | प्रोटीन |

**7. मुहावरे की बात**

नीचे कुछ वाक्य दिए गए हैं जिनमें उपयुक्त मुहावरे भरने से ही वह पूरा हो सकता है। उन्हें पूरा करने के लिए मुहावरे भी दिए गए हैं। तुम सही मुहावरे से वाक्य पूरे करो।

आग बबूला होना, सकपकाना, दबे पाँव, शामत आना, पीठ ठोकना

(क) चोर ................ घर में घुस आया।

(ख) देर से आने पर मम्मी ................ गईं।

(ग) सरसराहट की आवाज़ सुनकर अजय ................।

(घ) ऊधम मचाने पर बच्चों की ................।

(ङ) नरेंद्र की जान बचाने पर उसकी मम्मी ने अजय की ................।

**उत्तर**

(क) चोर दबे पाँव घर में घुस आया।

(ख) देर से आने पर मम्मी आग बबूला हो गईं।

(ग) सरसराहट की आवाज़ सुनकर अजय सकपकाया।

(घ) ऊधम मचाने पर बच्चों की शामत आ गई।

(ङ) नरेंद्र की जान बचाने पर उसकी मम्मी ने अजय की पीठ ठोकी।